खबर संक्षेप

स्थापना दिवस पर नगर निगम ऑडिटोरियम में कल होगा कार्यक्रम

कटनी। मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार, 1 नंबबर को बस स्टैण्ड स्थित नगर निगम ऑडिटोरियम में शाम 4 बजे जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ स्वच्छता, सजावट और रंगोली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा जिले के कृषि उत्पादों और कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

कंपनी के पक्ष में फैसला, शुरू हो सकेगा रेत खनन

कटनी। जिले में करीब एक साल से बंद पड़ी रेत खदानों में अब फिर से उत्खनन का कारोबार शुरू होने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट से धनलक्ष्मी कंपनी के पक्ष में फैसला आने के बाद अब जिले की रेत खदानों में वैध रूप से उत्खनन का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि कंपनी जल्द ही आवश्यक प्रशासनिक और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर रेत उत्खनन का काम दोबारा शुरू करेगी। दीपावली के पहले खदानों में काम शुरू होने की संभावना भी जताई जा रही है। दरअसल, दिसंबर 2025 में राज्य सरकार ने पुराने और नए टेंडर के बीच राजस्व अंतर सहित अन्य कारणों का हवाला देते हुए धनलक्ष्मी कंपनी का लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) निरस्त कर दिया था। सरकार के इस निर्णय से जिले में रेत खनन की प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। इसके बाद कंपनी ने सरकार के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के निर्णय को उचित ठहराते हुए कंपनी की याचिका खारिज कर दी थी।

नाबालिग को सहारनपुर से किया गया दस्तयाब

कटनी। बड़वारा पुलिस ने लापता नाबालिक बालिका को सहारनपुर उत्तरप्रदेश से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के व्दारा पुलिस मुख्यालय भोपाल प्रदेश स्तर पर ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक बालक/बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस के अनुसार दिनांक 05.10.2026 को फरियादिया ने रिपोर्ट लेख करायी कि इसकी 15 वर्षीय लड़की को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है । रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान गठित टीम एवं तकनीकी साक्ष्यों सायबर सेल की मदद से अपहृत बालिका को उत्तरप्रदेश से 28.10.2026 को दस्तयाब किया जाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, सउनि सतेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक नीलेश दुवे, महिला आरक्षक रुपाली यादव एवं सायबर सेल से आरक्षक शुभम गौतम की विशेष भूमिका रही।

4 दुकानों से मिठाई और नमकीन के लिये नमूने

कटनी। दीपावली पर्व के मद्देनजर उपभोक्ताओं को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूना लेने की कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने स्लीमनाबाद और बहोरीबंद स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। टीम ने स्लीमनाबाद तिराहा स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, बादाम बर्फी और नमकीन सेव के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में प्रतिष्ठान संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 32 के तहत सुधार सूचना भी जारी की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद चौराहा स्थित गुप्ता मिष्ठान भंडार से मगज लड्डू, खोया बर्फी और नमकीन सेव के नमूने लिए गए। वहीं बहोरीबंद बस स्टैंड स्थित जबलपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद एवं खोया, जबकि इसी क्षेत्र के मां खेतस्वर बीकानेर से खोया बर्फी, मिल्क केक और रतलामी सेव के नमूने संग्रहित किए गए। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

तेज हवाओं एवं बारिश से पिछड़ा धान कटाई का कार्य, किसानों की मेहनत पर मंडरा रहे संकट के बादल

मौसम ने बढ़ाई अन्नदाता की मुसीबतः खेतों में बिछ गई धान की फसल, उत्पादन होगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



खेतो में खड़ी खरीफ सीजन की प्रमुख धान फसल पर मौसम बदलाव से खराब होने का खतरा मंडराने लगा है। चक्रवाती तूफान अर्नब का असर कटनी जिला मे भी दिख रहा है। विगत दो दिनों से आसमान मे बादलो क़े डेरे क़े साथ हल्की बारिश भी का दौर चला है। साथ ही तेज हवाओं क़े चलते मौसम का मिजाज बदल गया है। इससे बचाव के लिए अन्नदाता इंद्रदेव से प्रार्थना कर रहे हैं।

कृषि विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि बहोरीबंद विकासखण्ड में 20 फीसदी फसल खेतों से कट गई है, लेकिन अभी भी 80 फीसदी फसल कटाई के लिए शेष है। कार्तिक मास में मौसम बदलाव से किसानो के सामने चिंता के बादल मंडराने लगे है। शुक्रवार की सुबह अचानक स्लीमनाबाद मै जोरदार बारिश का सिलसिला शुरू हो गया, हालांकि बारिश का दौर लम्बा नहीं चला। बारिश से होने से धान कटाई कार्य रुक गया, हार्वेस्टर मशीने कटाई कार्य बंद कर खेतों से बाहर निकल आई। बारिश होने से पकी हुई धान की उपज जहाँ फिर गीली हो गईं है जिससे कटाई कार्य 5-7 दिनों के लिए पिछड़ गया। खरीफ सीजन धान कटाई पिछड़ने से आगे रबी सीजन कृषि कार्य में लेटलतीफ़ी होगी।

जानकारी के अनुसार बहोरीबंद विकासखण्ड में खरीफ सीजन फसल का रकबा 25 हजार हेक्टेयर में था। धान की जो फसल पककर तैयार हो चुकी थी, उसकी कटाई-मिसाई का कार्य हो गया। खरीफ सीजन की फसल की बोवनी समय से हो गईं थी लेकिन चार माह वर्षा काल के पर्याप्त बारिश होने से उसके पकने मै लेटलतीफी हुई। फसल पककर तैयार हो गईं थी लेकिन मानसून सिस्टम एक्टिव हो गया ओर फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया। कृषि अधिकारियों की मानें तो बारिश का यें संकट टल जाये तो किसानों की मेहनत बेकार नहीं जाएगी।

उत्पादन होगा प्रभावित होने का डर

तहसील क्षेत्र मे गुरुवार को तेज हवाओं क़े चलते खेतों मे अधपकी व पकी हुई धान की फसल खेतों मे गिर गईं, जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। कृषक पवन यादव,कृष्णकांत कुशवाहा, सुरेश विश्वकर्मा ने बताया कि फसल गिर जाने से हार्वेस्टर भी सही तरीक़े से कटाई कार्य नही कर पायेगा।साथ ही जो धान की फसल पककर खेतो में खड़ी है बारिश होने से धान की बालियों मैं कालापन आएगा।वर्षा से फसल गीली हो गई हैं जिस कारण कटाई-मिसाई कार्य रुका हैं।

खोजे नहीं मिल रहे मजदूर

मौसम के मिजाज को देखते हुए हर किसान चाह रहा है कि वह अतिशीघ्र अपनी धान फसल की कटाई व मिसाई कर उसे सुरक्षित कर दे। किसानों द्वारा इस कार्य के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ा दी गई है, ऐसे में श्रमिकों की मांग अचानक बढ़ गई है। जिसके चलते श्रमिकों की कमी हो गई है और किसानों को एक साथ श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं। जिन किसानों के यहां श्रमिक लगे हैं वह उन्हें छोडऩा नहीं चाह रहे। जिससे किसानों की मुश्किल बढ़ रही है।

इनका कहना है

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अमर सिंह एमा का कहना है कि बहोरीबंद चक्रवाती तूफान अर्नब से बदले मौसम से किसानों की चिंता बढ़ी है!क्योंकि अभी भी खेतों मे पकी व अधपकी धान की फसल ख़डी है। वर्तमान मे 10 फीसदी ही धान फसल कटाई कार्य हुआ है। लिहाजा बारिश जैसी प्राकृतिक आपदा टल जाये जिससे किसान अपनी फसल को सुरक्षित कर सके।

हत्या क़े फरार मुख्य आरोपी सरपंच पुत्र को पुलिस ने पकड़ा, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बाकल पुलिस ने झरौली हत्याकांड के फरार आरोपित को मुखबिर की सूचना पर स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भेड़ा से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बाकल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश तिवारी ने बताया कि प्रहलाद राजपूत ग्राम झरौली थाना बहोरीबंद का निवासी था जो ग्राम पंचायत पाकर में ग्राम झरौली के वार्ड नंबर 9 से पंच था। जो दिनांक 2 अगस्त 2026 को अपने घर झरौली से सब्जी लेने के लिये पाकर बाजार आया था जिसके घर वापस न पहुंचने पर परिजनों के द्वारा थाना बहोरीबंद में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज की थी। 15 अगस्त 2026 को थाना क्षेत्र के अन्तर्गत खिरका भटिया ग्राम मसंधा में एक कंकाल पत्थरों से ढका हुआ। विवेचना दौरान डी.एन.ए. परीक्षण रिपोर्ट से उक्त मानव कंकाल प्रहलाद राजपूत निवासी झरौली का होने की पुष्टि होने पर आरोपियों की पता तलाश की गई।

साक्ष्यों के आधार एवं परिजनों के संदेह पर संदेही अनिल लोधी, रोशन लोधी एवं दीपक लोधी से पूछताछ की गई जो अपने दो अन्य साथी गुड्डू उर्फ रूपचंद लोधी एवं खिल्लू उर्फ वीरेन्द्र लोधी के साथ प्रकरण की घटना का घटित करना पकड़े जाने के डर से प्रहलाद लोधी की लाश को मसंधा के जंगल में छिपा देना घटना घटित करने वाले 3 आरोपी अनिल लोधी, रोशन लोधी एवं दीपक लोधी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण में आरोपी खिल्लू उर्फ वीरेन्द्र लोधी के द्वारा सिहोरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत आम बगिया में फांसी लगाकर फौत हो गया है। गुड्डू उर्फ रूपचंद लोधी के फरार होने से दिनांक 29 अक्टूबर 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जो न्यायालय के द्वारा जेल भेजा गया है। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल जप्त की गई है। फिलहाल प्रकरण की विवेचना जारी है।

हत्या कांड के खुलासे में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दिनेश तिवारी एवं समस्त थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बताया जाता है कि मृतक प्रहलाद सिंह 2 अगस्त को पाकर स्थित सप्ताहिक बाजार करने गया था।वह गांव के वार्ड नंबर 9 का पंच था और पंचायत में निर्माण कार्य को लेकर सरपंच पुत्र गुड्डू उर्फ रुपचंद लोधी और साथियों के बीच वाद विवाद हो गया था। जिसके बाद बाजार में पंच और उनके बीच बहुत ज्यादा वाद विवाद हुआ था। इसके पश्चात मृतक मौके से अपने घर झरौली चला गया था। जिसके बाद सरपंच पुत्र के साथियों ने फोन करके उसके प्लाट पर बुलाया था। जहां गाली गलौज के बाद फिर मारपीट हो गई थी। मारपीट के दौरान प्रहलाद सिंह की मौत हो गई थी। जिसके बाद चारों आरोपियों ने मृतक को मंशधा ले जाकर सुनसान जगह पर दफना दिया था।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत हुई गोष्ठी



'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत कटनी के सत्यजोत लॉन में विधानसभा स्तरीय प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रबुद्धजनों, सामाजिक क्षेत्र से जुड़े नागरिकों एवं गणमान्यजनों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल एवं पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन सहित वक्ताओं ने संबोधित किया। जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती केवल संवैधानिक संस्थाओं से नहीं, बल्कि जागरूक और जिम्मेदार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से सुनिश्चित होती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक के अधिकारों के साथ उसके कर्तव्य भी महत्वपूर्ण हैं। विधायक संदीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र जनता के विश्वास और उसकी भागीदारी से मजबूत होता है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और संवैधानिक प्रक्रियाओं का सम्मान प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए नागरिकों का जागरूक होना और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग की जिम्मेदारी है कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रहित के विषयों पर जनमानस को जागरूक करे।

कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला कांग्रेस कमेटी कटनी शहर ने हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने के विरोध में शुक्रवार को पुरानी कचहरी चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुरी का पुतला दहन कर भाजपा के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की।

कांग्रेस ने इस विरोध प्रदर्शन में सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, नैतिकता और जवाबदेही का मुद्दा उठाया। पार्टी नेताओं ने कहा कि राजनीतिक पदों पर नियुक्तियों और महत्वपूर्ण फैसलों को लेकर जनता को सवाल पूछने का अधिकार है।

जिला कांग्रेस कमेटी कटनी शहर के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि भाजपा के इस फैसले से कई सवाल खड़े होते हैं। सार्वजनिक जीवन में पद और प्रतिष्ठा के साथ नैतिकता और जवाबदेही भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनभावनाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों पर समझौता नहीं करेगी। शुक्ला ने कहा कि मध्यप्रदेश की अस्मिता, सम्मान और जनता के विश्वास से जुड़े विषयों पर कांग्रेस अपनी आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने भाजपा से जनता के सवालों का जवाब देने की मांग की। साथ ही कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने प्रदर्शन में शामिल वरिष्ठ कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। शुक्ला ने संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के संघर्ष को कांग्रेस की ताकत बताया।

प्रदर्शन में हरिशंकर शुक्ला, रजनी वर्मा, जालेम यादव, अरुण, मामा कनोजिया आदि शामिल रहे।

कृषि विज्ञान केन्द्र में कार्यक्रम का दिखाया गया सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के 1.67 लाख से अधिक किसानों के खाते में 33.44 करोड़ रुपये अंतरित



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 24वीं किस्त के रूप में कटनी जिले के 1 लाख 67 हजार 228 किसानों के खाते में सिंगल क्लिक द्वारा कुल 33 करोड़ 44 लाख 56 हजार रुपये की राशि अंतरित किया।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में वेबकास्टिंग के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संजय वैशम्पायन, डॉ. आर.पी. जैन, डॉ. केपी द्विवेदी, उप संचालक कृषि श्रीमती प्रतिभा गौर, सुश्री रजनी चौहान परियोजना संचालक आत्मा कटनी एवं अन्य कृषि वैज्ञानिक तथा कृषकों की सहभागिता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसानों एवं विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया।

तहसीलवार राशि का वितरण

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बड़वारा तहसील के 15,574 किसानों को 3 करोड़ 11 लाख 48 हजार रुपये, ढीमरखेड़ा तहसील के 26,210 किसानों को 5 करोड़ 24 लाख 20 हजार रुपये, बरही तहसील के 16,568 किसानों को 3 करोड़ 31 लाख 36 हजार रुपये, विजयराघवगढ़ तहसील के 28,518 किसानों को 5 करोड़ 70 लाख 36 हजार रुपये, कटनी नगर के 808 किसानों को 16 लाख 16 हजार रुपये, कटनी ग्रामीण के 17,466 किसानों को 3 करोड़ 49 लाख 32 हजार रूपये, बहोरीबंद तहसील के 26,997 किसानों को 5 करोड़ 39 लाख 94 हजार रुपये, जबकि रीठी तहसील के 21,849 किसानों को 4 करोड़ 36 लाख 98 हजार रुपये और स्लीमनाबाद तहसील के 13,238 किसानों को 2 करोड़ 64 लाख 76 हजार रुपये की राशि अंतरित की।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की जाती है। इससे किसानों को बीज, खाद, कृषि कार्यों तथा अन्य जरूरी कृषि आदानों की व्यवस्था करने में सहायता मिलती है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है।

तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

5 करोड़ 25 लाख रूपये से निर्माणाधीन भवन का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कलेक्टर आशीष तिवारी ने मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में निर्माणाधीन नवीन जनपद पंचायत भवन के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को तय समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसपी अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमति हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम ढ़ीमरखेड़ा श्रीमति निधि गोहल,प्रभारी कार्यपालन यंत्री मेघा मौर्य सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी को मौक़े पर मौजूद कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मेघा मौर्य ने बताया कि 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रूपये कि राशि से जनपद पंचायत भवन का निर्माण कार्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क वसूली के विरुद्ध अनुदान मद की राशि से कराया जा रहा है।

आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

शुक्रवार को ग्राम सगौना की आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर आशीष तिवारी बच्चों के बीच पहुंचे, तो वहां नन्ही पलक महोबिया ने अपनी मासूम प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कलेक्टर ने पलक से कविता सुनाने को कहा। फिर क्या था, नन्ही पलक पूरे आत्मविश्वास के साथ बोल उठी—'हम चलाएं गाड़ी, जाएंगे आंगनवाड़ी...।' उसकी प्यारी आवाज, उत्साह और सहज अंदाज ने वहां मौजूद अधिकारियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। पलक की प्रस्तुति से प्रसन्न कलेक्टर ने उसे चॉकलेट देकर शाबाशी दी और उसका हौसला बढ़ाया। चॉकलेट पाकर नन्ही पलक के चेहरे पर भी खुशी खिल उठी।

इस आत्मीय मुलाकात के बाद कलेक्टर ने बच्चों से उनकी पढ़ाई और गतिविधियों के बारे में बातचीत की। उन्होंने आंगनवाड़ी सुपरवाइजर श्रीमती भावना साहू को निर्देश दिए कि केंद्र में नियमित कक्षाएं संचालित हों और बच्चों को खेल-खेल में सीखने का बेहतर अवसर मिले। उन्होंने पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कूटरचित तरीके से आदिवासी की भूमि की रजिस्ट्री कराने के आरोप, कलेक्टर से की गईं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

तहसील स्लीमनाबाद के अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़ा मे एक आदिवासी की जमीन को कूटरचित तरीके से रजिस्ट्री कराने का मामला प्रकाश मे आया है। शिकायतकर्ता कृष्णकुमार दुबे क़े द्वारा तहसीलदार, एसडीएम सहित कलेक्टर को शिकायत कर जाँच की मांग भी की गईं। शिकायत क़े वाबजूद भी अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहें है

शिकायत क़े माध्यम से बताया गया कि स्लीमनाबाद तहसील क़े पटवारी हल्का न. 71 ग्राम भेड़ा में स्थित खसरा न. 483 एक ज़मीन जो की एक गरीब आदिवासी को सरकार ने पशु पालन घास/ चारे के लिए दी थी। उक्त ज़मीन को कटनी निवासी विनोद तिवारी पिता जागेश्वर तिवारी द्वारा कूट रचित तारीके से फर्जी एवं ग़लत जानकारी देकर अधिकारियों को गुमराह कर अपने नाम मे रजिस्ट्री करा ली। उक्त ज़मीन का कुछ भाग राष्ट्रीय राजमार्ग मे अधिग्रहण हुई जिसका मुआवजा भी विनोद तिवारी द्वारा ले लिया गया जो उस गरीब आदिवासी को मिलना था। गौरतलब है कि भू राजस्व 165 (ख)7 के अंतर्गत घास/चारा वाली ज़मीन की रजिस्ट्री /नामांतरण करना कानूनी अपराध है व पहले जो रजिस्ट्रियां ऐसी हुए थी उन्हें निरस्त भी किया गया था! परंतु इस ज़मीन को कूटरचित तरीके से नामांतरण कराया गया, शिकायत क़े वाबजूद भी राजस्व विभाग क़े अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहें है।

गरीब आदिवासी को हक दिलाने भेड़ा निवासी समाज सेवी कृष्ण दत्त दुबे ग्राम ने कलेक्टर को शिकायत की थी जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम को जाँच कर कार्रवाई क़े लिए आदेशित किया था लेकिन उक्त मामले मे तहसीलदार व एसडीएम बहोरीबंद क़े द्वारा कोई रूचि नहीं दिखाई गईं बल्कि जानकारी लेने पर अधिकारियो द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग किया जा रहा है। शिकायत कर्ता ने बताया कि अधिकारियो क़े ध्यान न देने से गरीब आदिवासी का परिवार आत्मदाह करने को विवश होगा।

इनका कहना है

एसडीएम बहोरीबंद श्लोक वाइकर का कहना है कि उक्त मामला मेरे संज्ञान मे नहीं है, क्योंकि मे दो माह पहले ही बहोरीबंद एसडीएम का पदभार ग्रहण किया है। उक्त मामला दो दिन पहले ही मेरे संज्ञान मे आया है। मामले की जाँच क़े लिए तहसीलदार स्लीमनाबाद को आदेशित किया गया है।जाँच मे जो स्थिति सामने आयेगी उसी अनुरूप वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

खबर संक्षेप

निगम की टीम ने 3700 रुपये का जुर्माना वसूला

कटनी। नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। निगम के विभिन्न क्षेत्रों में की गई कार्रवाई के दौरान गंदगी फैलाने के मामलों में संबंधित व्यक्तियों पर कुल 3,700 रुपये का जुर्माना लगाया गया। क्षेत्रवार कार्रवाई में क्षेत्र क्रमांक 01 में 800 रुपये, क्षेत्र क्रमांक 03 में 600 रुपये, क्षेत्र क्रमांक 06 में 1,800 रुपये तथा क्षेत्र क्रमांक 08 में 500 रुपये का जुर्माना किया गया। निगम प्रशासन द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने, कचरे का उचित निस्तारण करने तथा निर्धारित स्थानों पर ही अपशिष्ट डालने के लिए नागरिकों और व्यापारियों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है।

बरगवां से जगन्नाथ चौक ओवरब्रिज तक रोड मार्किंग



कटनी। शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा से जुड़े आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराया जा रहा है। इसी क्रम में बरगवां से जगन्नाथ चौक ओवरब्रिज तक सड़क पर रोड मार्किंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। लोक परिवहन सर्विस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर योगेश पवार ने बताया कि ब्रिज पर निर्धारित लेन एवं अन्य आवश्यक संकेतकों की मार्किंग होने से वाहन चालकों को मार्ग पर चलने की स्पष्ट दिशा मिलेगी तथा यातायात संचालन अधिक सुव्यवस्थित बनाने में मदद मिलेगी। मार्किंग का कार्य पूर्ण होने से विशेष रूप से मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने, लेन अनुशासन बनाए रखने तथा अनावश्यक अव्यवस्था को कम करने में सहायता मिलेगी। इससे वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों की सुरक्षा एवं सुविधा को भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे ब्रिज पर बनाई गई लेन एवं यातायात संकेतों का पालन करें, निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाएं।

अतिक्रमण हटाने बाजार में पहुंची निगम की टीम



कटनी। शहर की प्रमुख सड़कों एवं बाजार क्षेत्रों में सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने तथा बाजार व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित कार्रवाई की जा रही है। निगम की अतिक्रमण शाखा की टीम ने मिशन चौक से सुभाष चौक, सुभाष चौक से रेलवे स्टेशन, मुड़वारा स्टेशन रोड, गोल बाजार, झंडा बाजार एवं सब्जी मंडी सहित प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं को सुचारू कराने की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान बाजार क्षेत्रों में मार्ग के किनारे अव्यवस्थित रूप से लगी फूल माला, करवा, सब्जी एवं अन्य दुकानों को व्यवस्थित करके आवागमन सुचारू रखने तथा नागरिकों और राहगीरों को अनावश्यक परेशानी से राहत दिलाने पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रमुख मार्गों एवं व्यस्त बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए टीम द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके साथ ही शहर में विद्युत पोलो एवं शासकीय संपत्तियों पर लगे अनधिकृत बैनर एवं पोस्टर के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन ने दुकानदारों एवं व्यवसायियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें तथा बाजार व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना के झिर्री पंप हाउस का किया निरीक्षण

ढीमरखेड़ा के 19 गांवों में 2372 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को मिलेगी सिंचाई की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को ढीमरखेड़ा माइक्रो उद्वहन सिंचाई योजना के अंतर्गत ग्राम हरदुली स्थित झिर्री पंप हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने योजना के प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेते हुए पंप हाउस एवं संचालन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, कार्यपालन यंत्री ए.के. तिवारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री ए.के. तिवारी ने कलेक्टर को बताया कि झिर्री पंप हाउस के माध्यम से तहसील ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाले 19 गांवों के कुल 2372 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। झिर्री पंप हाउस का कार्य कमांड एरिया सहित पूर्ण हो चुका है। पंप हाउस में कुल दो पंप स्थापित हैं, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 1341 हॉर्स पावर है। इनमें से एक पंप को स्टैंडबाय के रूप में रखा गया है। पंप संचालन के लिए 0.96 मेगावोल्ट विद्युत का उपयोग किया जाएगा।

स्काडा रूम का निरीक्षण कर ऑपरेटरों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने पंप हाउस स्थित स्काडा रूम का निरीक्षण कर वहां स्थापित नियंत्रण एवं संचालन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ऑपरेटरों से कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए उन्हें जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ कार्य करने की सलाह दी। साथ ही योजना के संचालन में तकनीकी दक्षता और व्यवस्थाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

तकनीकी जानकारी नहीं दे पाने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने कार्यपालन यंत्री से पंप की तकनीकी कार्यप्रणाली एवं उसमें कितने स्टेज हैं, इस संबंध में जानकारी मांगी। संबंधित अधिकारी द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी अपने कार्यों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी रखें, ताकि योजनाओं का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

ई-टोकन द्वारा ही खाद का वितरण कराने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से जिले को डीएपी की एक रैक झुकेही रैक पॉइंट पर आ गई है। इससे जिले को 1450 मीट्रिक टन डीएपी खाद मिलेगी।

जिला विपणन अधिकारी आनंद नारायण पाण्डेय ने बताया कि स्लीमनाबाद, बरही और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र को 200-200 मीट्रिक टन डीएपी, कटनी डबल लॉक केंद्र को 150 मीट्रिक टन व मझंगवा बड़वारा डबल लॉक केंद्र को 100 मीट्रिक टन डीएपी खाद आवंटित की जाएगी। वहीं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 300 मीट्रिक टन तथा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन डीएपी आवंटित की जाएगी। इसी प्रकार सीएमएस कटनी को 60 मीट्रिक टन, जबकि सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन डीएपी आवंटित की जाएगी।

अधिक मात्रा में न करें उपयोग

कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का उपयोग करें। आवश्यकता से अधिक खाद का प्रयोग करने से कृषि लागत बढ़ने के साथ-साथ भूमि की उर्वरक क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

वाट्सएप बॉट से टोकन जनरेट करने की सुविधा

ई-विकास 2.0 के तहत किसानों की सुविधा के लिए मोबाइल पर वाट्सएप बॉट के माध्यम से टोकन जनरेट करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। किसान वाट्सएप पर "हेल्प" या "मदद" लिखकर टोकन, रिटेलर, उर्वरक, उठाव की तिथि और टोकन की वैधता सहित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके माध्यम से किसान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उर्वरक का क्रय कर सकेंगे।

प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



ग्राम पंचायत देवरी-मवई में नवांकुर संस्था ग्राम विकास राय बहादुर समिति के तत्वावधान में 'प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान' के अंतर्गत सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों को सक्रिय बनाना, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना तथा ग्रामीण विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। मुख्य अतिथि समाजसेवी नीरज पटेल, सचिव शिवलाल पटेल, राजभान लोधी एवं रामसजीवन लोधी सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण, एनजीओ पंजीयन प्रक्रिया, एमपीजएपी एप के उपयोग तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया।परामर्शदाता अवधेश बैरागी ने संवाद कौशल एवं प्रभावी संचार तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर जनसंपर्क, सकारात्मक संवाद और आपसी समन्वय के माध्यम से सामाजिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।प्रशिक्षण में स्वामित्व योजना, नल-जल योजना, बकरी पालन, मत्स्य पालन की जानकारी साझा की

रेलवे स्टेशन में संयुक्त निरीक्षण के दौरान 5 अवैध वेंडर पकड़े गए

कटनी। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान के तहत 30 अक्टूबर को कटनी रेलवे स्टेशन पर एक विशेष संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया।निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर और प्लेटफ़ॉर्मों पर जांच करते हुए 05 अवैध वेंडरों को बिना वैध लाइसेंस के खाद्य/सामग्री बेचते हुए पकड़ा गया। पकड़े गए सभी अवैध वेंडरों को नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु रेल सुरक्षा बल को सुपुर्द कर दिया गया है।यह कार्रवाई रेलवे अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा की गई, जिसमें मुख्य रूप से नावेद सिद्दीकी (सीसीआई) एच. के. शुक्ला (एसएमसी) बलवेंद्र प्रताप सिंह (सीएचआई) शामिल रहे। रेल प्रशासन का कहना है कि यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने और अनाधिकृत वेंडरों पर लगाम लगाने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण एवं कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान पर रखे विचार



छात्राओं को भारतीय संस्कृति, गौरवशाली इतिहास और धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक करने के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय गौरव और भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सोमनाथ मंदिर के इतिहास, धार्मिक महत्व और भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सोमनाथ मंदिर को भारतीय आस्था, अटूट श्रद्धा, साहस और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक बताते हुए उसकी ऐतिहासिक महत्ता से छात्राओं को परिचित कराया गया। मंदिर के पुनर्निर्माण का इतिहास भारतीय समाज की दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मसम्मान और सांस्कृतिक चेतना को दर्शाता है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्राओं की लेखन क्षमता, विचार अभिव्यक्ति, तार्किक सोच और ऐतिहासिक तथ्यों के प्रति जिज्ञासा को प्रोत्साहित किया गया।

निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, निराकरण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में शुक्रवार, 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जन विश्वास अभियान शिविर की तैयारियों के मद्देनजर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कृष्णकांत पांडे ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया तथा ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। दौरे के दौरान सीईओ श्री पांडे ने ग्राम पंचायत भटगवां में नेट शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वहीं, ग्राम पंचायत बम्हनी के अंतर्गत तालाब निर्माण कार्य तथा ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्राम करौंदी और बनेहरा में संचालित तालाब निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्रामीणों की शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

निरीक्षण के दौरान श्री पांडे ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आमजन से प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई की जाए और उनका यथाशीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला पंचायत सीईओ कर रहीं सतत निगरानी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनने और उनका उचित एवं त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों के पालन में संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, जिला पंचायत सीईओ द्वारा इस पूरी प्रक्रिया की सतत निगरानी भी की जा रही है।

सीईओ ने शिविर के आयोज को लेकर आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

अनाधिकृत कालोनियों को मुख्यधारा से जोडने ननि द्वारा की जा रही कवायद

छह गठित दलों द्वारा वार्डवार डिमांड नोटिस वितरण जारी, प्रक्रिया की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर की अनधिकृत कॉलोनियों को नियमानुसार विकास की मुख्यधारा से जोड़कर वहां मूलभूत सुविधाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा विकास शुल्क वसूली की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। इसके तहत चिन्हित कॉलोनियों में वार्डवार डिमांड नोटिस वितरण का कार्य निरंतर जारी है। अभियान के दौरान नागरिकों द्वारा विकास शुल्क जमा करने में रुचि दिखाई जा रही है, जो निगम प्रशासन की इस पहल को सकारात्मक प्रतिसाद मिलने का संकेत है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर गठित छह दलों द्वारा भवन अनुज्ञा एवं कॉलोनी सेल के निर्देशन में नगर की 87 चिन्हित कॉलोनियों में पहुंचकर नागरिकों को डिमांड नोटिस वितरित किए जा रहे हैं। कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने बताया कि दलों द्वारा अब तक लगभग 80 लोगों से सीधे संपर्क कर विकास शुल्क के निर्धारण, देय राशि एवं उसे जमा कराने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जा चुकी है। साथ ही नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर शुल्क जमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

आपत्तियों का परीक्षण कर निराकरण की प्रक्रिया जारी

निगम प्रशासन द्वारा डिमांड नोटिस वितरण के साथ ही नागरिकों की आपत्तियों के निराकरण पर भी ध्यान दिया जा रहा है। नोटिस में अंकित विवरण अथवा विकास शुल्क निर्धारण के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर संबंधित नागरिक रजिस्ट्री, खसरा, भवन अनुज्ञा सहित अन्य वैध अभिलेखों के साथ एक सप्ताह के भीतर निगम कार्यालय में अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त अभिलेखों एवं आपत्तियों का परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण की कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम प्रशासन का उद्देश्य निर्धारित प्रक्रिया के तहत विकास शुल्क जमा कराकर अनधिकृत कॉलोनियों को वैधानिक रूप से विकास की मुख्यधारा से जोड़ना तथा वहां सड़क, नाली सहित आवश्यक मूलभूत अधोसंरचना के विकास का मार्ग प्रशस्त करना है। निगम प्रशासन ने संबंधित कॉलोनियों के नागरिकों से अपील की है कि वे डिमांड नोटिस का अवलोकन कर निर्धारित शुल्क जमा कराने में सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

करवा चौथ पर चाँद का दीदार कर पति के हाथों जलग्रहण कर तोड़ा व्रत

अखंड सौभाग्य की कामना के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





तहसील स्लीमनाबाद क्षेत्र मे गुरुवार को करवा चौथ का व्रत आस्था व उल्लास पूर्वक मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए करवाचौथ का व्रत किया। सुहाग की सलामती के लिए दुल्हन के रूप में सजी-संवरी महिलाएं खुद किसी चांद से कम नजर नहीं आ रही थी। पति की लंबी आयु की कामना के लिये पत्नियां दिन भर निर्जल व निराहार रहीं। शाम ढलते ही घरों में करवाचौथ पूजन की तैयारियां शुरू हुई। करवा माता की पूजा कर महिलाओं ने चंद्रमा का बिंब छलनी से देखा और उसे प्रणाम करते हुए अघ्य दिया और पति से जलग्रहण करने के बाद व्रत का पारण किया।

करवाचौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं की शाम ढलते ही बेसब्री बढ़ गई। यह बेसब्री दो तरह की थी। एक पति परमेश्वर की प्रतीक्षा की तो दूसरा चांद को देखने की। नवविवाहिताओं में तो इस व्रत का खासा उत्साह था। शादी के बाद पहली बार व्रत रख रहीं नवविवाहिताओं को पहला करवाचौथ किसी त्योहार से कम नहीं लग रहा था।करवाचौथ के मौके पर पतियों ने उपहारों की खरीदारी की और रात को पूजा के बाद उन्हें वे उपहार दिए। पतियों ने अपना सारा काम दरकिनार कर अपनी पत्नियों के न केवल मनोरंजन का ध्यान रखा, बल्कि पूजा में भी सहभागिता निभाई। सोलह श्रंगार मे सजी महिलाओ ने सोशल मीडिया मे भी फोटो शेयर की।

सुख समृद्धि की कामना

उमरियापान क्षेत्र में करवा चौथ पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ दिनभर निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना की। पर्व के अवसर पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ की पूजा की।

रात करीब 8:25 बजे चंद्र दर्शन के अनुमानित समय को देखते हुए महिलाएं घरों की छतों पर चांद निकलने का इंतजार करती नजर आईं। चंद्रमा के दर्शन होने पर महिलाओं ने अर्घ्य देकर चलनी से चांद और फिर पति का दीदार किया। इसके बाद पतियों ने पानी पिलाकर पत्नी का व्रत खुलवाया। इसी के साथ दिनभर की निर्जला उपासना का समापन हुआ। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह देखने को मिला।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

त्योहारों के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नमूने लेने की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विभागीय टीम ने कटनी की चार मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने माधई मंदिर स्थित यू.पी. स्वीट्स से खोया पेड़ा, काजू पान कतली एवं पतीसा के नमूने लिए। वहीं विश्वकर्मा पार्क स्थित कोहली स्वीट्स से खोया बर्फी, मगज लड्डू एवं नमकीन सेव के नमूने संग्रहित किए गए। इसके अलावा गुजराती स्वीट्स से खोया बर्फी एवं मगज लड्डू तथा नई बस्ती स्थित अग्रवाल स्वीट्स से खोया बर्फी, मिल्क केक एवं नमकीन सेव के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। संग्रहित खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

विभाग के अनुसार, जांच रिपोर्ट में खाद्य पदार्थों के खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियमों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि मिलावटी, अमानक तथा गलत नाम या दावों के साथ बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

खबर संक्षेप

तेज रफ्तार बाइक ने मासूम को मारी टक्कर, पैर में आई चोट

अमानगंज। अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सकतपुरा में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक मासूम बच्चा घायल हो गया। घटना 30 अक्टूबर 2026 की दोपहर करीब 2 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी शंकर कुशवाहा का नाती ओंकार कुशवाहा घर के सामने अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान नीले रंग की हीरो होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक 3649 का चालक गोविंद कुशवाहा तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाते हुए पहुंचा और मासूम ओंकार को टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे सोनू कुशवाहा भी बैठा हुआ था। हादसे में ओंकार के बाएं पैर की पिंडली में चोट आई। सूचना मिलने पर परिजनों ने डायल 112 को बुलाया और घायल बच्चे को लेकर थाने पहुंचे। फरियादी शंकर कुशवाहा की रिपोर्ट पर अमानगंज पुलिस ने बाइक चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125(ए) एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

महिलाओं के घरों में चूल्हा जलाना हुआ मुश्किल, 4 माह से मानदेय का इंतजार

अमानगंज। शासन-प्रशासन की उदासीनता का खामियाजा स्व-सहायता समूह की महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। स्कूलों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाली महिलाओं को पिछले चार माह से मानदेय नहीं मिला है। वहीं साझा चूल्हा और मध्यान्ह भोजन योजना की राशि भी लंबित बताई जा रही है। विडंबना देखिए, जो महिलाएं रोजाना बच्चों का पेट भरने के लिए रसोई में मेहनत करती हैं, आज उन्हीं के अपने घरों का चूल्हा जलाना मुश्किल हो रहा है। मेहनत करने के बावजूद भुगतान नहीं मिलने से महिलाएं आर्थिक संकट से जूझ रही हैं और अपनी बकाया राशि के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

महिला के साथ मारपीट पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

पन्ना। पन्ना जिले के पवई थाना क्षेत्र के ग्राम कृष्णगढ़ में एक महिला ने गांव के कुछ लोगों पर अपने पति और बेटे के साथ मारपीट करने, तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता मीरा चौधरी ने पुलिस अधीक्षक पन्ना को लिखित आवेदन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। वहीं, थाना पवई पुलिस पर शिकायत दर्ज नहीं करने और उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप भी लगाया है। पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में मीरा चौधरी ने बताया कि पहले उनके बेटे अंकित चौधरी के साथ रमेश, शैलेन्द्र, नेता, शिवम और रजनीश ने कथित रूप से मारपीट की। बेटे को बचाने पहुंचे उनके पति पुष्पू चौधरी के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और सीने व गले में भी चोटें पहुंचीं।

पेंशन, आधार, ई-केवाईसी और फार्मर आईडी के लिए आज फिर लगेंगे विशेष शिविर

कुम्हारी क्षेत्र में हर छह माह में लगेगा जन समस्या निवारण शिविर : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत हटा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुम्हारी में जनविश्वास शिविर आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभ वितरित किए।

विधायक उमादेवी खटीक ने कहा कि कुम्हारी जैसे दूरस्थ क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में पहुंचे और अधिकारियों ने उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र में प्रत्येक छह माह में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ और समस्याओं का समाधान गांव के पास ही मिल सके।

तालाबों और नहरों की मरम्मत जल्द कराएं

विधायक खटीक ने सिंचाई विभाग के कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पर्याप्त राशि उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने तालाबों का निरीक्षण कर नहरों की मरम्मत, बोरी बंधान और अन्य कार्य समय-सीमा में पूरे कराने की मांग की।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने ग्रामीणों से बिजली, पानी, शिक्षा, खाद वितरण, स्वास्थ्य और राजस्व संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीणों द्वारा लापरवाही और अनियमितताओं की शिकायत किए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यप्रणाली सुधारने और लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बताया कि शिविर में आधार, ई-केवाईसी, समग्र आईडी, संबल योजना, आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

मौके पर निराकरण योग्य आवेदनों का समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। दूरस्थ गांवों के लोगों की सुविधा के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अगले दिन विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए।

इनमें पेंशन से वंचित पात्र हितग्राहियों की पेंशन स्वीकृति, आधार, ई-केवाईसी, विभिन्न कार्ड और फार्मर आईडी से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों को निशुल्क रजिस्ट्री का लाभ भी दिया जाएगा। ग्रामीणों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने की अपील की गई।

दिव्यांग महिला की समस्या सुनने मंच से नीचे पहुंचे कलेक्टर

शिविर में ग्राम घोघरा निवासी दिव्यांग महिला गिरिजाबाई ने दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं होने से पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की समस्या बताई। कलेक्टर मंच से नीचे उतरकर उनसे मिले और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि मंगलवार को महिला को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाकर मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराया जाए तथा प्रमाण पत्र जारी कर पेंशन सहित अन्य सुविधाओं की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम राकेश सिंह मरकाम, तहसीलदार उमेश तिवारी, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

हाईवे पर बसे झलौन में सुरक्षा का अभाव रात 9 बजे बाद पसरा रहता है सन्नाटा

25 गांवों का केंद्र होने के बावजूद पुलिस चौकी नहीं, 20 किमी दूर से पहुंचती है पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

सागर-जबलपुर स्टेट हाईवे-15 पर स्थित झलौन करीब 25 गांवों का प्रमुख केंद्र है, लेकिन यहां पुलिस चौकी नहीं होने से ग्रामीणों को सुरक्षा की चिंता सता रही है। ग्रामीणों के अनुसार रात 9 बजे के बाद बाजार में सन्नाटा छा जाता है और दुकानदार असामाजिक तत्वों के डर से दुकानें बंद कर घर लौट जाते हैं। वहीं शराब दुकान देर रात तक खुली रहती है, जबकि पेट्रोल पंप रात 10 बजे बंद हो जाता है।

20 किमी दूर हैं थाने

झलौन से तेंदूखेड़ा, तेजगढ़ और तारादेही थाना करीब 20 किलोमीटर दूर हैं, जबकि इमलिया पुलिस चौकी की दूरी लगभग 18 किलोमीटर है। ऐसे में रात में घटना होने पर पुलिस को पहुंचने में समय लगता है। कई बार थाना क्षेत्र की सीमा को लेकर भी ग्रामीण परेशान होते हैं।

डीजल के लिए रातभर परेशान हुआ किसान

खेती के व्यस्त सीजन में किसानों को रात में डीजल की जरूरत पड़ती है। बुधवार रात अनाज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पाटन मंडी जा रहे एक किसान को रात 10 बजे पेट्रोल पंप बंद मिलने से परेशानी उठानी पड़ी। करीब 12 बजे डीजल मिलने के बाद वह रवाना हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि रात में पेट्रोल-डीजल की जरूरत पड़ने पर ऐसी स्थिति अक्सर बनती है।

25 गांवों की आवाजाही का केंद्र

झलौन में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, दो पेट्रोल पंप, हायर सेकेंडरी स्कूल और वन परिक्षेत्र कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण संस्थान हैं। सेहरी, मगदूपुरा, बिसनाखेड़ी, हरदुआ, धनेटा, ससनाकला, पुरा, गोहुची, बैरागढ़, मोहड़ और मोहरा सहित करीब 25 गांवों के लोग यहां आते-जाते हैं।

टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सुरक्षा की जरूरत

लौन वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आता है। आसपास घना जंगल होने के कारण सुरक्षा की आवश्यकता और बढ़ जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक झलौन-तेंदूखेड़ा मार्ग पर पूर्व में लूटपाट और गोलीकांड जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। हाईवे पर रात में वाहनों पर पत्थर फेंकने की घटनाएं भी सामने आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि झलौन में पुलिस चौकी की मांग लंबे समय से की जा रही है और इसके स्वीकृत होने की जानकारी भी है, लेकिन अब तक संचालन शुरू नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से जल्द पुलिस चौकी शुरू कर रात में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई नहीं, स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

पथरिया। जिले में अवैध क्लीनिकों और पैथोलॉजी सेंटरों की जांच के कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद पथरिया क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर कुछ संस्थानों को संरक्षण मिलने और विभागीय मिलीभगत की आशंकाएं भी जताई जा रही हैं, हालांकि इनकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। क्षेत्र में कुछ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा एलोपैथिक पद्धति से इलाज किए जाने के आरोप हैं। ग्राम मेहलवारा में मशीनों से लकवा का उपचार किए जाने की चर्चा भी सामने आई है। इन गतिविधियों की वास्तविकता जानने के लिए जांच जरूरी है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सभी निजी क्लीनिकों और पैथोलॉजी सेंटरों के वैध पंजीयन, जिला स्वास्थ्य समिति में पंजीयन तथा बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के पालन की जांच कराई जाए। साथ ही जिला प्रशासन से बिना पूर्व सूचना स्वतंत्र टीम भेजकर आकस्मिक निरीक्षण कराने की मांग की गई है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई हो।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में होगा भव्य आयोजन

दमोह। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा स्थापना दिवस पर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कलेक्टर श्री यादव ने कहा कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राही, जिनकी द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि लंबित थी, उन्हें इस कार्यक्रम के माध्यम से राशि का वितरण उनके बैंक खातों में किया जाएगा। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। इसके उपलक्ष्य में कृषि विभाग द्वारा विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी तथा विभिन्न कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जिससे किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उपकरणों की जानकारी मिल सके। श्री यादव ने जिले के समस्त नागरिकों से स्थापना दिवस समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने सभी नागरिकों को इस गौरवपूर्ण अवसर पर सादर आमंत्रित किया।

लोकतंत्र और समसामयिक विषयों पर हुआ विचार-विमर्श



दमोह। भारतीय जनता पार्टी द्वारा दमोह विधानसभा में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' विषय पर प्रबुद्ध जन संवाद संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता एवं विधायक जयंत कुमार मलैया भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष संजय सेन तथा प्रमुख वक्ता जिला उपाध्यक्ष मनीष सोनी, वरिष्ठ नेता विद्यासागर पांडे, प्रबुद्ध वर्ग से डॉ. राजीव पांडे, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षाविद् पी.एल. शर्मा तथा नाथूराम राठौर मंचासीन रहे। जयंत कुमार मलैया ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है। प्रबुद्ध जन समाज को सही दिशा देने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्याम शिवहरे ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और अराजकता के विरुद्ध जनजागरण समय की आवश्यकता है। भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध है। संगोष्ठी का उद्देश्य लोकतंत्र से जुड़े विषयों पर प्रबुद्धजनों के बीच संवाद स्थापित करना तथा समसामयिक परिस्थितियों पर विचार साझा करना रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक अमर सिंह राजपूत एवं आभार प्रदर्शन प्रोफेशनल प्रकोष्ठ के संयोजक अनुपम सोनी ने किया।

नायब तहसीलदार की छापामार कार्रवाई

बनवार की कंपोजित शराब दुकान पर ओवररेटिंग, रेट लिस्ट गायब



बनवार। कलेक्टर नारायण प्रताप यादव के सख्त निर्देशों के परिपालन में आज नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने बनवार स्थित कंपोजित शराब दुकान पर औचक छापामार कार्रवाई की। प्रशासनिक अमले की इस अचानक दबिश से क्षेत्र के शराब दुकान संचालकों और बिचौलियों में हड़कंप मच गया। दरअसल, बनवार शराब दुकान पर शराब प्रेमियों से तय दर से अधिक दाम वसूलने यानी ओवररेटिंग की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने बनवार चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह परिहार और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया जांच के दौरान दुकान पर गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं। मौके पर देशी और अंग्रेजी शराब निर्धारित दरों से अधिक दामों पर बेची जा रही थी, जबकि नियमानुसार दुकान के बाहर लगाई जाने वाली रेट लिस्ट भी नदारद मिली। इसके अलावा दुकान के संचालन और स्टॉक से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों में भी भारी खामियां पाई गईं। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार ने मौके पर मौजूद ग्राहकों और स्थानीय निवासियों के बयान दर्ज किए। नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने बताया कि मौके पर पाई गई तमाम अनियमितताओं का पंचनामा तैयार कर लिया गया है। मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है, जिसके आधार पर संबंधित दुकान संचालक और ठेकेदार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

महंगाई की मार से फीकी पड़ रही त्योहारों की रौनक, कैसे मनाएं दीपावली?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

दीपावली और धनतेरस नजदीक आते ही बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों का कहना है कि रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में त्योहार मनाने के लिए अतिरिक्त खर्च जुटाना चुनौती बन गया है। ग्रामीण महिलाओं के मुताबिक दीपक जलाने के लिए तेल करीब 150 रुपये लीटर, शक्कर 60 रुपये और गुड़ 70 रुपये किलो मिल रहा है। ऐसे में दीपावली पर पकवान बनाना और बच्चों की इच्छाएं पूरी करना मुश्किल हो रहा है। मध्यमवर्गीय परिवारों का कहना है कि धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदने की परंपरा है, लेकिन सोना करीब 15 हजार रुपये ग्राम और चांदी लगभग 3 हजार रुपये तोला होने से खरीदारी बजट से बाहर हो गई है। वहीं बाहर काम करने वाले युवाओं ने बताया कि बस किराया बढ़ने से घर लौटने का खर्च भी दोगुना हो गया है। पटाखों की बढ़ी कीमतों ने बच्चों की खुशियों पर भी असर डाला है। लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से घरेलू बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने सरकार से महंगाई पर अंकुश लगाकर आम जनता को राहत देने की मांग की है।

जीवन के नियमों को समझें, भेदविज्ञान अपनाकर आत्मकल्याण के मार्ग पर बढ़ें : मुनि श्री समतासागर

कुण्डलपुर। सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में विराजमान निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने प्रातःकालीन स्वाध्याय प्रवचन में जीव और शरीर के संबंध, आहार एवं त्याग की प्रक्रिया, पुद्गल के निरंतर परिवर्तन तथा जीवन के आध्यात्मिक नियमों पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि जैन दर्शन की सूक्ष्मता को समझने के लिए भेदविज्ञान आवश्यक है। जीव के अंदर ग्रहण और त्याग के भाव उत्पन्न होते हैं, जबकि उनकी प्रक्रिया शरीर के माध्यम से संपन्न होती है। *इच्छा, संज्ञा, आहार और संयम के परिणाम जीव में होते हैं, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति शरीर के माध्यम से दिखाई देती है। परिणाम जीव का होता है और उसकी प्रक्रिया शरीर में घटित होती है। इस भेद को समझना ही वास्तविक ज्ञान है। मुनि श्री ने कहा कि जैन दर्शन का यह सिद्धांत अत्यंत सूक्ष्म है। इसे समझने के लिए भेदविज्ञान की दृष्टि विकसित करनी होगी। जीव जब ग्रहण का भाव करता है तो त्याग और संयम का भाव भी उसी के भीतर उत्पन्न होता है। शरीर केवल उसकी प्रक्रिया का माध्यम बनता है। इस सिद्धांत को जिसने गहराई से समझ लिया, वह आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्राप्त कर लेता है। मुनि श्री ने पुद्गल के निरंतर परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि संसार में प्रत्येक वस्तु प्रतिक्षण परिवर्तित हो रही है। पेड़ में नई पत्तियां आना, फूल खिलना और फिर मुरझाकर गिर जाना, बालक का युवा और फिर वृद्ध होना परिवर्तन के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। लेकिन अनेक परिवर्तन ऐसे भी हैं जो हमारी आंखों से दिखाई नहीं देते। नया वस्त्र कुछ वर्षों तक बिना उपयोग के सुरक्षित रखने पर भी अपनी मूल गुणवत्ता खो देता है। इसका कारण काल के प्रभाव से पदार्थों का निरंतर परिवर्तन है। जीवन भी इसी परिवर्तनशील व्यवस्था का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रत्येक खेल के अपने नियम हैं। कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेलों के नियमों की जानकारी हमें रहती है। सड़क पर चलते समय और वाहन चलाते समय भी नियमों का पालन करना आवश्यक होता है, लेकिन आश्चर्य है कि मनुष्य जिस जीवन को जन्म से मृत्यु तक जी रहा है, उसके नियमों के प्रति ही गंभीर नहीं है। युवा, व्यापारी, किसान, विद्यार्थी और परिवार के प्रत्येक सदस्य को विचार करना चाहिए कि मानव जीवन का उद्देश्य क्या है और उसे किन नियमों के अनुरूप जीना चाहिए। बड़ी-बड़ी डिग्रियां और लौकिक ज्ञान प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक ज्ञान भी आवश्यक है। मुनि श्री ने आचार्य भगवन्त के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का संपूर्ण जीवन प्रेरणाओं का अक्षय भंडार है। उनके जन्मस्थान सदलगा की भौगोलिक, सामाजिक और धार्मिक परिस्थितियों से लेकर उनके बाल्यकाल, वैराग्य के बीजारोपण, साधु-संतों के सानिध्य, माता-पिता के साथ तीर्थवंदना और संयम मार्ग की ओर बढ़ने की यात्रा में अनेक प्रेरक प्रसंग जुड़े हैं। कठिनाइयों और बाधाओं को पार करते हुए उन्होंने जिस प्रकार संयम और साधना का मार्ग अपनाया, वह प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने श्रोताओं को संत शिरोमणि प्रवचन माला के 60 एपिसोड देखने और सुनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि इसमें आचार्य श्री के जीवन की क्रमिक यात्रा, उनके व्यक्तित्व, साधना, शिष्य परंपरा और दीक्षाओं से जुड़े अनेक प्रसंग समाहित हैं। इन प्रसंगों का अध्ययन प्रथमानुयोग के पुण्य पुरुषों के चरित्रों के अध्ययन के समान है। महापुरुषों के जीवन को पढ़ने और सुनने से नई पीढ़ी में संस्कार, श्रद्धा, वैराग्य और धर्म के प्रति अनुराग जागृत होता है। किस प्रसंग का किसके जीवन पर कितना गहरा प्रभाव पड़ेगा, यह कहा नहीं जा सकता।

बीजाडोगरी में चार में से तीन ट्रांसफार्मर जले अंधेरे में रात गुजारने को मजबूर ग्रामीण

दो साल से धूल फांक रहे 25 केवी के दो ट्रांसफार्मर, हाल ही में 100 केवी का बड़ा ट्रांसफार्मर भी हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा ब्लॉक के विद्युत वितरण केंद्र हर्रई-तेजगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजाडोगरी में बिजली व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। गांव में लगे कुल चार में से तीन ट्रांसफार्मर फुंके पड़े हैं, जिसके कारण अधिकांश गांव अंधेरे के साए में डूब गया है। आलम यह है कि दैनिक कामकाज से लेकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई तक बुरी तरह प्रभावित हो रही है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान होता नजर नहीं आ रहा।

2 साल से खराब पड़े हैं दो ट्रांसफार्मर, अब 100 KV भी हुआ दगाबाज़

ग्रामीणों के अनुसार हरिजन मोहल्ला मंदिर के पास और चक्की के पास लगे 25-25 KV के दो ट्रांसफार्मर पिछले दो वर्षों से भी अधिक समय से बंद पड़े हैं, जिन्हें बदलने की सुध आज तक किसी जिम्मेदार ने नहीं ली। हद तो तब हो गई जब दो-तीन दिन पहले गांव की मुख्य आपूर्ति संभालने वाला 100 KV का बड़ा ट्रांसफार्मर भी जल गया। वर्तमान में 25 KV के तीन और 100 KV का एक ट्रांसफार्मर बंद होने से गांव में हाहाकार मचा हुआ है। हालांकि, सरपंच के



घर के सामने और हाई स्कूल के पास लगे दो छोटे ट्रांसफार्मर अभी भी चालू स्थिति में हैं, लेकिन इनसे पूरे गांव की जरूरतें पूरी होना नामुमकिन साबित हो रहा है।

'बिल भरने के बाद भी अंधेरा' — ग्रामीणों का छलका दर्द

गांव के बिजली उपभोक्ता लोगां बाई, अमित पाठक, प्रेमनारायण राजौरिया, ईश्वर प्रसाद दुबे, शोभाराम दुबे और गजेंद्र विश्वकर्मा का कहना है कि वे नियमित रूप से अपने बिजली बिलों का भुगतान कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।> ग्रामीणों की माने तो उनका कहना है हैरहम समय पर बिल जमा करते हैं, फिर भी महीनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बार-बार अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। अब तो बच्चों की परीक्षाएं और पढ़ाई भी भगवान भरोसे है।

13 लाख के करीब बिल बकाया

मामले में जब विद्युत वितरण केंद्र तेजगढ़ के जेई शिवदयाल से चर्चा की गई, तो उन्होंने बिजली संकट के पीछे भारी-भरकम बकाया राशि का हवाला दिया ₹बीजाडोगरी गांव पर विद्युत विभाग का करीब 12 से 13 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। शासन के स्पष्ट सर्कुलर के अनुसार बकाएदार गांवों में राशि जमा होने के बाद ही नए ट्रांसफार्मर रखे जाने का प्रावधान है। जब तक 100 KV का ट्रांसफार्मर चालू था, तब तक पूरा गांव डायरेक्ट बिजली जला रहा था, जो हाल ही में खराब हुआ है। अभी भी गांव में दो ट्रांसफार्मर चालू हैं। यदि उपभोक्ता नियमानुसार बकाया बिल की राशि जमा कर देते हैं, तो ट्रांसफार्मर बदलवाने में विभाग को कोई आपत्ति नहीं है।

समाधान की आस में ग्रामीण

एक तरफ जहां जिम्मेदार अधिकारी विभागीय नियमों और लाखों के बकाए का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बिल जमा करने वाले ईमानदार उपभोक्ता इस खींचतान में पिसने को मजबूर हैं। अब देखना होगा कि विभाग और ग्रामीणों के बीच का यह गतिरोध कब खत्म होता है और बीजाडोगरी की जनता को अंधेरे से कब तक राहत मिल पाती है।

गोकल अहिरवार का निधन

हिण्डोरिया। नगर के भीटा मुहल्ला वार्ड 10 निवासी विष्णु अहिरवार के छोटे भाई एवं जितेन्द्र अहिरवार, मनीष अहिरवार, अमित अहिरवार के 58 वर्षीय पिता गोकल अहिरवार का लम्बी बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। नगर मे पप्पू भाई के नाम से मशहूर गोकल अहिरवार वर्तमान में बिलाई हाई स्कूल में बतौर भृत्य पदस्थ थे। उनकी अंतिम संस्कार यात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर श्रृध्दांजलि अर्पित की। एवं शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाया।

करवा चौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया

हिंडोरिया। नगर में करवा चौथ का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया ।सुहागिन महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा और शाम को सोलह श्रृंगार कर सामूहिक रूप से मां करवा की पूजा अर्चना की। महिलाओं ने कथा सुनकर पति की लंबी उम्र अच्छे स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना की,चांद निकलने के बाद महिलाओं ने अपना व्रत खोला ।सुबह से ही महिलाओं में व्रत को लेकर काफी उत्साह देखा गया। रजनी पटेल ने बताया कि करवा चौथ का व्रत हमारे सुहाग के लिए बेहद खास होता है ।सोलह श्रृंगार करके पूजा करने और पति की दीर्घायु की कामना करने से आपसी प्रेम और मजबूत होता है। नेहा नेमा ने बताया कि चांद के दीदार और पति के हाथों पानी पीकर व्रत पूरा करने की खुशी



ही अलग होती है ।हमने अपने परिवार की सुख समृद्धि और पति के अच्छे स्वास्थ की कामना की। वही कीर्ती बाई ने बताया कि पूरे दिन निर्जला व्रत रखने के बाद जब शाम को सभी महिलाएं एक साथ मिलकर पूजा करती हैं तो इस पर्व की रौनक और बढ़ जाती है यह पर्व भारतीय संस्कृति में सुहागिनों के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है ।नगर में सभी महिलाओं ने मिलजुल कर यह पर्व मनाया। और इसके बाद परिवारों में दावतों का कार्यक्रम शुरू हुआ।

दमोह में विकास कार्यों को मिल रही नई गति

विधायक ने किया 1.29 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

अमृत योजना के तहत 75 लाख से होगा पाठक तलैया का सौंदर्यीकरण, 54 लाख की लागत से किल्लाई नाका से बालाकोट बायपास तक लगेंगे पेवर ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



शहर के विकास एवं सौंदर्यीकरण को नई गति प्रदान करते हुए शुक्रवार को दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री श्री जयंत कुमार मलैया ने 1 करोड़ 29 लाख की लागत से होने वाले दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। अमृत योजना के अंतर्गत मुकेश कॉलोनी स्थित पाठक तलैया का 75 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वहीं किल्लाई नाका से बालाकोट बायपास चौराहे तक सड़क के दोनों ओर 54 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। इन कार्यों से शहर की सुंदरता बढ़ने के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर विधायक जयंत मलैया ने कहा कि दमोह शहर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सड़क निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि दमोह एक सुंदर, स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुविधायुक्त शहर के रूप में विकसित हो। आने वाले समय में भी विकास कार्यों की यह गति निरंतर जारी रहेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा विक्रम सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री रमन खत्री, अखिलेश अजारी, भाजपा महामंत्री अरुण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मनीष सोनी, मनीष तिवारी, रमाकांत बाजपेई, राजेंद्र चौरसिया, प्रमोद विश्वकर्मा, मोंटी रैकवार, अभिषेक राय, पंकज जड़िया, नीलेश सिंह, संतोष रोहित, पार्षद श्रीमती विजयलक्ष्मी चौबे, परसू सोनी, विजय जैन, पप्पू मलैया, मोनू राजपूत एवं भज्जू पटेल, रिंकू गोस्वामी, कृष्णा राज, हरि रजक, सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वार्डवासी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्यों के भूमिपूजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

संभाग में पहली बार पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत दो गांजा तस्कर केंद्रीय जेल भोपाल भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

अवैध मादक पदार्थों के व्यापार एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा समाज को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सागर संभाग में प्रशासन द्वारा कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में स्वापक और मनःप्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम, 1988 (पीआईटी एनडीपीएस एक्ट) की धारा 3(1) के अंतर्गत सागर संभाग में प्रथम बार निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों के अवैध व्यापार/तस्करी में संलिप्तता से संबंधित गतिविधियों के आधार पर कमिश्नर सागर संभाग श्री दिलीप कुमार द्वारा अवैध व्यापार/तस्करी में संलिप्त दो व्यक्तियों के विरुद्ध निरोध आदेश पारित किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार पटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम देवडोंगरा निवासी राजेश साहू (40), पिता कल्लू साहू के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के छह मामले दर्ज हैं। आरोप है कि वह ओडिशा से गांजा लाकर स्थानीय क्षेत्र में बिक्री करता था। उसके विरुद्ध एक वर्ष का निरोध आदेश जारी किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रचना मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर केंद्रीय जेल भोपाल भेजा।

इसी प्रकार हिंडोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गुंजी निवासी कमलेश उपाध्याय (60), पिता स्व. कृपाशंकर उपाध्याय के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के चार मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ छह माह का निरोध आदेश जारी किया गया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई कर उसे भी केंद्रीय जेल भोपाल दाखिल कराया।पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 3(1) के तहत निरोध प्रतिवेदन संभागायुक्त न्यायालय में प्रस्तुत किए गए थे। प्रकरणों पर विचार के बाद संभागायुक्त ने राजेश साहू के लिए एक वर्ष और कमलेश उपाध्याय के लिए छह माह का निरोध आदेश जारी किया।

मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस

कमिश्नर सागर संभाग दिलीप कुमार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं व्यापार से जुड़े तत्वों के विरुद्ध प्रशासन की नीति पूर्णतः कठोर है। युवाओं और समाज के भविष्य को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उपलब्ध वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध केवल सामान्य आपराधिक प्रकरण तक कार्यवाही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जहां वैधानिक शर्तें पूरी होती हों, वहां पी आ ई टी एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य लागू कानूनों के अंतर्गत निरोधात्मक कार्यवाही भी की जाएगी। "मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के लिए सागर संभाग में कोई स्थान नहीं है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध कानून के तहत कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। समाज की सुरक्षा और युवा पीढ़ी को नशे से बचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।"संभाग प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार अथवा तस्करी से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस अथवा संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दें, ताकि समय पर प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जा सके। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई में पटेरा थाना प्रभारी रचना मिश्रा सहित संतोष सिंह, सुरेश सिंह, प्रमोद चौबे, महेश उपाध्याय, ब्रजेश आठया, अमित राज, इंद्रजीत सिंह, अनिल सिंह और बालमुकुन्द की भूमिका रही। वहीं हिंडोरिया पुलिस की कार्रवाई में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर के साथ मलखान सिंह, रघुराज सिंह, अजय मिश्रा, भूपेन्द्र राजपूत, रोहित राजपूत, पार्थ चौधरी और जसवंत शामिल रहे।



भदर नाले के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर जबेरा थाना क्षेत्र के भदर नाले के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक विक्रम विश्वकर्मा की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सबसे हृदयविदारक बात यह है कि एक दिन पहले ही उनकी पत्नी ने करवा चौथ का व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना की थी, लेकिन अगले ही दिन सड़क हादसे ने उनका सुहाग छीन लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्रम विश्वकर्मा अपनी पत्नी के साथ ग्राम पतलोनी से जबेरा आ रहे थे। इसी दौरान भदर नाले के पास ट्रक की टक्कर से यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना में विक्रम को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के निर्देशन में आरक्षक प्रवीण पटेल, आकाश साहू एवं वाहन चालक कलाम खान मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मी युवक को पुलिस वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर रवि यादव ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। एक दिन पहले जिस पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा था, अगले ही दिन उन्हें खोने के गम ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए।

खाद वितरण में गड़बड़ी, प्रबंधक को लगाई फटकार

कलेक्टर ने आकस्मिक समिति की खाद गोदाम का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने हिंडोरिया स्थित शासकीय केंद्रीय मर्यादित बैंक शाखा एवं खाद गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी ली और गोदाम में रखे खाद के स्टॉक का भी जायजा लिया। कलेक्टर के इस अचानक भ्रमण से नगर के अनेक भ्रष्ट विभागों एवं भ्रष्टाचारियों मे थोड़ी देर के लिये हड़कंप का माहौल बन गया। सभी विभागों में स्वयं को कर्तव्य निष्ठ एवं जनहितैषी दिखाने की होड़ सी लग गई। शुक्रवार को एकाएक हुये निरीक्षण के दौरान समिति के किसानों ने कलेक्टर को बताया कि क्षेत्र के कई किसान ऐसे हैं। जिन्हें अभी तक खाद नहीं मिल पाया है। वहीं खाद गोदाम मे जांच के दौरान सामने आया कि कई किसानों को खाद वितरण किए जाने के बावजूद गोदाम एवं रिकॉर्ड में खाद का स्टॉक शेष दिखाई दे रहा है। इसके अलावा किसानों ने यह भी शिकायत की है कि समिति ने गोदाम ऐसी जगह बनाया गया है। जिसकी जानकारी तक कई किसानों को आज भी नहीं है। किसानों की समस्याओं और खाद वितरण में सामने आई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने संबंधित प्रबंधक एवं स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही, कालाबाजारी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी किसानों को नियमानुसार खाद उपलब्ध कराया जाए और वितरण व्यवस्था को पारदर्शी रखा जाए। कलेक्टर ने खाद के स्टॉक और वितरण रिकॉर्ड में सामने आई विसंगतियों की जांच के भी निर्देश दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और किसानों को खाद वितरण में कथित गड़बड़ी के मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है। इसके पूर्व कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था एवं मरीजों को दी जा रहीं सुविधाओं का भी जायजा लिया। बीएमओ अमित मिश्रा को आवश्यक निर्देश भी दिये। इसके बाद कलेक्टर बिलाई की ओर रवाना हो गये।

ई-टोकन व्यवस्था के बावजूद खाद के लिए कतारों में किसान



पथरिया में डीएपी की किल्लत, महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर; पोर्टल की सीमित समय अवधि से बढ़ी परेशानी

पथरिया। शासन ने खाद वितरण में पारदर्शिता और सुविधा के लिए अप्रैल 2026 में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ई-टोकन व्यवस्था शुरू की, लेकिन इसके बावजूद किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। रबी सीजन की बुवाई के बीच डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि पोर्टल पर टोकन बुकिंग के लिए केवल 10 से 15 मिनट का समय मिलता है। इस दौरान टोकन नहीं मिल पाने पर उन्हें खाद के लिए दूसरे ब्लॉक और जिलों का रुख करना पड़ता है। इससे समय और परिवहन खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। समितियों और गोदामों में खाद नहीं मिलने के कारण कई किसान बाजार से महंगे दामों पर डीएपी खरीदने को मजबूर हैं। किसानों ने प्रशासन से टोकन बुकिंग का समय बढ़ाने, तहसील स्तर पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और पोर्टल की तकनीकी खामियां दूर करने की मांग की है।

यूटीडी सागर को हराकर टाइम्स कॉलेज बना विजेता



दमोह। यूटीडी सागर में आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन हैंडबॉल महिला एवं पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में टाइम्स कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूटीडी सागर को 8 गोल से पराजित किया।प्रतियोगिता में टाइम्स कॉलेज की महिला वर्ग की छह छात्राओं रिचा जैन, शिवानी सेन, मुस्कान रैकवार, निर्जला ठाकुर, मोहनी विश्वकर्मा और भावना पटेल का चयन विश्वविद्यालय टीम में हुआ। वहीं पुरुष वर्ग में दीपक पटेल, जीत खरारे और विजय पटेल ने विश्वविद्यालय टीम में स्थान बनाया।चयनित महिला खिलाड़ी अमरावती में आयोजित अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी, जबकि पुरुष टीम मुंबई में अपना खेल कौशल दिखाएगी।टाइम्स कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. सुशील गुप्ता एवं प्राचार्य ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

43 नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित, अनुशासन और बेहतर शिक्षण के टिप्स

परिवीक्षा अवधि में समर्पण और जिम्मेदारी से कार्य करने की नसीहत, शालीन वेशभूषा, समय पर उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेरा



विकासखंड पटेरा में 43 नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण सह बैठक उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय के वर्चुअल कक्ष में आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया के निर्देश पर आयोजित बैठक में बीईओ मुकेश गुजरे, बीआरसी दिलीप उपाध्याय, संकुल प्राचार्य कमलेश शर्मा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेंद्र बजाज एवं अध्यापक संघ के तहसील अध्यक्ष मुलाम सिंह राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में वक्ताओं ने नवनियुक्त शिक्षकों को बच्चों के भविष्य का निर्माता बताते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करने की सीख दी।

बीआरसी दिलीप उपाध्याय ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस तरह कच्ची मिट्टी को मेहनत से आकार दिया जाता है, उसी तरह बच्चों का भविष्य भी शिक्षक की मेहनत से संवरता है। उन्होंने विद्यालय में नियमित उपस्थिति और बेहतर शैक्षणिक परिणाम देने पर जोर दिया।

संकुल प्राचार्य कमलेश शर्मा ने शिक्षकों को व्यक्तित्व, शालीन वेशभूषा और अनुशासन का ध्यान रखने की समझाइश देते हुए जींस-टीशर्ट पहनकर विद्यालय नहीं आने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक स्वयं अनुशासित रहेंगे, तभी बच्चों में अनुशासन विकसित होगा।

बीईओ मुकेश गुजरे ने शिक्षकों को स्पष्ट शब्दों में समझाइश देते हुए कहा कि यह उनकी परिवीक्षा अवधि है। इस दौरान पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। किसी भी प्रकार की गलती या लापरवाही पर दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक शालीन वेशभूषा, उचित आचरण और स्थानीय भाषा का प्रयोग करें। स्थानीय परिस्थितियों को समझते हुए बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें और खेल-खेल में शिक्षा देकर बेहतर प्रदर्शन करें, तभी वे बच्चों और ग्रामीणों के दिलों में अपनी जगह बना सकेंगे। उन्होंने समय पर विद्यालय पहुंचने, पूरे निर्धारित समय तक उपस्थित रहने और डेली डायरी के अनुसार नियमित पढ़ाई कराने पर विशेष जोर दिया। कहा कि समर्पण और ईमानदारी से कार्य करने पर गांव में शिक्षक का सम्मान बढ़ेगा। शिक्षकों को बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक जहां पदस्थ हैं, वही उनकी कर्मभूमि है और वहां की जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करना उनका दायित्व है। साथ ही अधिकारियों के निर्देशों का समय पर पालन करने और प्रत्येक विद्यालय को निजी विद्यालयों से बेहतर बनाने का आह्वान किया।

हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेंद्र बजाज ने शिक्षकों से बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर विद्यालय का नाम रोशन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने पर विभागीय कार्रवाई के साथ समाचारों के माध्यम से भी जवाबदेही तय हो सकती है।

वहीं मुलाम सिंह राजपूत ने भी शिक्षकों को मेहनत और समर्पण से विद्यालयों को बेहतर बनाने के सुझाव दिए। बैठक में सभी नवनियुक्त शिक्षकों ने बेहतर शिक्षण कार्य, समय पर विद्यालय पहुंचने और सकारात्मक वातावरण तैयार कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

हिण्डोरिया में चिकन पॉक्स का भारी प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया

नगर में इन दिनों चिकन पॉक्स अर्थात छोटी माता की बीमारी तेजी से पैर पसार रही है। नगर के छोटे छोटे बच्चों लेकर बड़े तक इस संक्रामक बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 6 ,7 ,8,9 और 11 इस बीमारी से सबसे अधिक प्रभावित है ।जहां बड़ी संख्या में बच्चे बीमार है। वार्ड 06 में 20 वर्षीय महक बी, 02 वर्षीय फखरुद्दीन अली अहमद खान,14 वर्षीय इलमा बी 08 वर्षीय शाहवान खान,वार्ड नं. 08 में यास्मीन बी, 12 वर्षीय मेहमूना खान आदि चिकन पाक्स जैसी बीमारी से ग्रसित रहे है। जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज हुआ। अब ये धीरे धीरे ठीक हो रहे हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 11 में हनी,मयंक सहित अनेक बच्चे इस बीमारी की चपेट में है । इस संबंध में केन्द्र मे पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ.अनुराग दत्ता से बात की तो उन्होंने कहा लोग इस बीमारी से बिल्कुल भी ना घबराएं। चिकन पॉक्स एक सामान्य संक्रामक रोग है।

अकसर बच्चों मे एक दूसरे से फैल जाता है। ये रोग लगभग 7 से 8 दिनों में स्वतः ही ठीक हो जाता है। उन्होंने बचाव और सावधानी के तौर पर लोगों को मास्क का उपयोग करने, प्रभावित बच्चों को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ एवं हल्का भोजन देने तथा घर और आसपास के वातावरण एवं घर में सफाई रखने की सलाई दी । वहीं बीएमओ डॉ. अमित मिश्रा ने कहा की स्थिति पर नजर रखी जा रही है । और वे तुरंत ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में भेज कर मरीजों की जांच और उचित उपचार की व्यवस्था करवा रहे हैं । उन्होंने सभी लोगों से सतर्क रहने और लक्षण देखने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेने की अपील की है।

जिला अस्पताल में महिला की नाक से निकाले मक्खी के 45-50 लार्वा

दमोह।

डॉ. विशाल शुक्ला ने एंडोस्कोपिक पद्धति से किया सफल उपचार

जिला अस्पताल में नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल शुक्ला ने लगभग 65 वर्षीय महिला की नाक से मक्खी के 45-50 लार्वा (कीड़े) निकालकर सफल उपचार किया। महिला लगातार नाक से रक्तस्राव और असहनीय तकलीफ से पीड़ित थी। एंडोस्कोपिक जांच में नाक के अंदर बड़ी संख्या में लार्वा दिखाई देने पर उन्हें तत्काल ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कर इंडोस्कोपिक पद्धति से कीड़े निकाले गए। अब महिला की स्थिति में सुधार है। डॉ. शुक्ला ने बताया कि मक्खी द्वारा नाक में अंडे दिए जाने से लार्वा विकसित हो गए थे। उन्होंने बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि सितंबर से दिसंबर के बीच ऐसी समस्या की आशंका रहती है। वृद्धजनों को मच्छरदानी में सुलाएं तथा नाक से दुर्गंध आने या अन्य असामान्य लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सकीय जांच कराएं। समय पर उपचार नहीं मिलने पर यह समस्या जानलेवा भी हो सकती है।

पटाखा विक्रय के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड चयनित

दमोह। दीपावली के अवसर पर पटाखा विक्रय को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड का चयन किया है। यहां अस्थायी पटाखा दुकानों का संचालन शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि नगरपालिका, पुलिस और प्रशासन के सहयोग से पटाखा विक्रय स्थलों को चिन्हित करेंगे। उन्होंने कहा चयनित स्थल पर अज्वलनशील सामग्री से टीन की दुकानें तैयार कराई जाएंगी। दुकानों की नंबरिंग की जाएगी और ऑनलाइन आवेदन करने वाले पात्र व्यापारियों को लॉटरी के माध्यम से दुकानें आवंटित की जाएंगी। इससे दुकान आवंटन में पारदर्शिता बनी रहेगी और किसी को अच्छी या खराब लोकेशन मिलने की शिकायत की गुंजाइश नहीं रहेगी। कलेक्टर ने कहा अस्थायी पटाखा विक्रय लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक व्यापारी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आम सूचना

मैं गंगाराम पटैल पिता स्व. कन्छेदी पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम- मडिया बर्रट तह. पटेरा जिला दमोह शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि वाहन क्र. MP 34ZA1628 टेक्टर जो कि मेरे पिता स्व. कन्छेदी पटेल के नाम पंजीकृत है। मेरे पिता का स्वर्गवास दि. 29/08/25 को हो गया है। उक्त वाहन में अपने नाम अंतरण कराना चाहता हूँ, मेरे परिवार में मेरी माँ जनकनंदनी कुर्मी एवं छोटा भाई गोविन्द पटेल है इनकी सहमति मेरे साथ है कोई आपत्ति नहीं है। वाहन क्र. MP 34ZA1628 टेक्टर अपने नाम अन्तरण कराने हेतु सम्पूर्ण जबाबदारी का शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता